प्रेस नोट दिनांक 23.03.2026

थाना फरीदपुर जनपद बरेली (महिला सुरक्षा मिशन शक्ति)

थाना फरीदपुर #bareillypolice द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत मु0अ0सं0 193/2026 धारा 137(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अपहृत 02 बच्चों को सकुशल बरामद किया गया तथा अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में बच्चा बेचने के संबंध में धारा 143(5) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। बच्चों के सकुशल बरामद होने पर परिजनों ने पुलिस की सराहना की है।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

थाना फरीदपुर, बरेली में दिनांक 20.03.2026 को 09 माह के बच्चे अरुण के अपहरण के संबंध में मु0अ0सं0 193/26 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। दिनांक 23.03.2026 को पुलिस द्वारा अभियुक्ता बिन्दा उर्फ रजनी को रेलवे स्टेशन पिताम्बर से गिरफ्तार कर अपहृत बच्चा अरुण व एक अन्य बच्चा लवियांस को सकुशल बरामद किया गया। अभियुक्ता के विरुद्ध धारा 137(2)/143(5) बीएनएस में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-

दिनांक 23.03.2026 को अभियुक्ता बिन्दा उर्फ रजनी पत्नी सुरेन्द्र उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम हसनपुर रजापुर थाना शरूरपुर जनपद मेरठ, पुत्री जयप्रकाश निवासी ग्राम विडियारी पिपरा बाजार थाना पडरौना जनपद कुशीनगर को रेलवे स्टेशन पिताम्बर थाना फरीदपुर जनपद बरेली से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्ता से एक 09 माह का बच्चा अरूण तथा एक अन्य बच्चा लवियांस जिसकी उम्र लगभग 3.5 वर्ष को सकुशल बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद अभियुक्ता उपरोक्त का चालान अन्तर्गत धारा 137(2)/143(5) बीएनएस में मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

प्रकाश में आयी अभियुक्ताः-

संजना उर्फ सलोनी पत्नी जयप्रकाश निवासी ग्राम विडियारी पिपरा बाजार थाना पडरौना जनपद कुशीनगर

पूछताछः-

पूछताछ में अभियुक्ता बिन्दा उर्फ रजनी ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उसने हरदोई बस अड्डे पर एक महिला को झांसे में लेकर उसके 09 माह के बच्चे को फरीदपुर में बहाने से अपने साथ ले जाकर अपहरण किया। अभियुक्ता बच्चे को बेचने की फिराक में थी। उसने यह भी बताया कि पूर्व में अपने तीन बच्चों को भी अपनी परिचित के माध्यम से बेच चुकी है तथा इस बच्चे को भी बेचने की योजना थी।

अभियुक्तगण से बरामदगी-

01 बच्चा (09 माह) अरूण तथा 01 अन्य बच्चा लवियांश जिसकी उम्र लगभग 3.5 वर्ष बरामद।

पुलिस टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम थाना फरीदपुर जिला बरेली।
2. उ0नि0 श्री सतेन्द्र मौतला प्रभारी सर्विलांस टीम बरेली।
3. उ0नि0 जसवीर सिंह थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
4. उ0नि0 सौरभ सिंह सिवाच फरीदपुर जिला बरेली ।
5. का0 1252 अजय तोमर थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
6. का0 2863 राहुल पंवार थाना फरीदपुर जिला बरेली।
7. का0 1360 राजकुमार थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
8. का0 3022 प्रज्जल पंवार सर्विलांस सैल , बरेली ।
9. म0का0 423 रीतु थाना फरीदपुर जिला बरेली ।
10. म0का0 3848 मोनिका मलिक थाना फरीदपुर जिला बरेली ।